आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 14.09.2020

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 01 सितंबर 2020 से 14 सितंबर 2020 तक राजभाषा पखवाड़ा–2020 का आयोजन किया गया।

राजभाषा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में दिनांक 14.09.2020 को हिन्दी दिवस के अवसर पर आरेडिका रायबरेली के संगोष्ठी कक्ष में महाप्रबंधक, आरेडिका श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने राजभाषा विभाग द्वारा जारी होने वाली 'प्रतिबिम्ब' पत्र के सातवें संस्करण का विमोचन किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक आरेडिका ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी देश के विकास के लिये उसकी अपनी भाषा का मुख्य योगदान होता है इस दिशा में राजभाषा की अहम भूमिका है । व्यवसाय एवं तकनीकी क्षेत्र में भी राजभाषा हिन्दी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है । यह प्रसन्नता का विषय है कि राजभाषा विभाग अपने 'प्रतिबिम्ब पत्र' के अंक–7 का प्रकाशन किया जो सभी के लिए सूचनावर्धक एवं ज्ञानवर्धक होगा । आरेडिका के 'क' क्षेत्र में स्थित होने के कारण कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अधिकतर कार्य हिन्दी में करना चाहिए तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके कुशल कार्यक्षमता के लिए बधाई दी ।

मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एम. के अग्रवाल ने इस अवसर पर आरेडिका में राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के लिए किये गए कार्यो को संगोष्ठी कक्ष में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को जानकारी दी तथा हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला।

आरेडिका में राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए 1 सितंबर से 14 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर 1 से 14 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जैसे–हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, शब्द अनुवाद, निबंध लेखन, तकनीकी शब्दावली एवं काव्य–पाठ प्रतियोगिताओं के आयोजन किए गये।

कोविड–19 की वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए 'प्रतिबिम्ब' पत्र के सातवें संस्करण का विमोचन सभी मानदंडों जैसे कि मास्क की अनिवार्यता, सोशल डिस्टेंसिग एवं सेनिटाइजेशन आदि का पूर्णतया अनुपालन किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यात्रिंक अभियंता श्री अनूप कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री विवेक कुमार, मुख्य प्रधान साम्रगी प्रबंधक श्री पी.एन. पाण्डेय और मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एम0 के0 अग्रवाल एवं अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे ।

(वी. के. दूबे) 14/09/2020

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी